जय गुरु नाना। जय महावीर। जय गुरु राम।

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति

हु शि उ चौ श्री ज ग ना ना ©

राम चमक रहे भानु समाना

53वाँ वार्षिक अधिवेशन

अनन्य चातुर्मास–मेरा चातुर्मास–जोधपुर (राजस्थान)
चातुर्मासिक सान्निध्य
युग प्रधान आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलालजी म.सा.
दिनांक: 18 अक्टूबर, 2020

वार्षिक प्रतिवेदन– 2019–20

श्रीमती नंदा कर्नावट
राष्ट्रीय अध्यक्ष

श्रीमती गीता दक
राष्ट्रीय महामंत्री

श्रीमती सुमन सुराना
राष्ट्रीय कोषाध्यक्षा

अन्तर्गत साधुमार्गी जैन संघ

केन्द्रीय कार्यालय : 'समता भवन' आचार्य श्री नानेश मार्ग,
नोखा रोड जैन पी.जी. कॉलेज के सामने, गंगाशहर, बीकानेर–334401(राज.)
फोन: 0151–2270261–62, 2270359
वेबसाइट :www.sabsjms.org.b|&e|y | ms@sadhumargi.com

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति

आचार्य श्री रामलाल जी म.सा परिचय

प्रत्येक युग में किसी न किसी महापुरुष का अवतरण होता है और वे विरल आत्माएँ संसार की असारता कोजानकर निरंजन–निराकार स्वरूप बनने के लिए प्रभु महावीर के शासन में प्रव्रजित होकर आत्मा से महात्मा, महात्मा से परमात्मा बनने के लिए प्रयत्नशील रहती हैं। ऐसी ही दिव्य आभा समेटे हुए शास्त्रज्ञ, तरुण तपस्वी, प्रशांतमना, व्यसन मुक्ति के प्रणेता आचार्य–प्रवर 1008 श्री रामलाल जी म.सा. वर्तमान में संघ नायक के रूप में इस विशाल संघ को निरन्तर अभिवृद्धि की ओर अग्रसर कर रहे हैं।

गुरुदेव का अवतरण देशनोक के यशस्वी भूरा कुल में विक्रम सम्वत् 2009 चैत्र शुक्ल चतुर्दशी को रत्नधारिणी माता गवरा की कुक्षी से हुआ। आपके पिता का नाम श्री नेमीचंद जी है। आपने वि.सं. 2031 माघ शुक्ल 12 को देशनोक में समता विभूति आचार्य श्री नानेश के मुखारविंद से भागवती दीक्षा अंगीकार की। आपश्री में विनय, अनुशासन एवं संयम की सजगता को ध्यान में रखते हुए आचार्य श्री नानेश ने वि.सं. 2047 आसोज सुदी दूज को चित्तौड़गढ़ में मुनि प्रवर उपाधि से अंलकृत किया।

आचार्य प्रवर अप्रतिम प्रतिभा सम्पन्न, शास्त्रज्ञ, परमागम रहस्यज्ञाता एवं आगमों के गूढ़ ज्ञाता है। आपकी सारणा, वारणा व धारणा के गुणों से प्रभावित होकर वि.सं. 2048 फाल्गुन शुक्ल तृतीया को बीकानेर जूनागढ़ के विशाल प्रागण में आपको युवाचार्य पद से अभिषिक्त किया गया। आप व्यसन मुक्ति के प्रबल प्रेरक हैं, आपकी सद्प्रेरणा से लाखों लोग कुव्यसनों का त्याग कर सद्मार्ग की ओर अग्रसर हुए हैं।

वि.सं. 2056 कार्तिक कृष्णा तृतीया को उदयपुर में आप हुक्म संघ के नवम् पाट पर आचार्य के रूप में आरूढ़ हुए। आपश्री ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उड़ीसा, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक आदि प्रांतों में विचरण कर जिनशासन की भव्य प्रभावना की अभी तक आप 328 दीक्षा प्रदान कर तिन्नाणं और तारियाणं के पद को सार्थक करते हुए दीक्षा दानेश्वरी के रूप में ख्यातिलब्ध हुए। आप श्री हिन्दी, संस्कृत, प्राकृत–अपभ्रंश आदि भाषाओं के साथ जैन एवं जैनेतर दर्शनों के भी विशेष ज्ञाता हैं। संयम के प्रति हर पल सजगता व जागरूकता आपके जीवन के रोम–रोम में समाहित है। कथनी एवं करनी में एकरूपता और आडम्बर रहित जीवन आपकी विशिष्ट पहचान है। आपके चिन्तन में सदैव यही मनोभाव रहता है कि संघ का प्रत्येक श्रावक–श्राविका ज्ञानवान एवं चारित्रवान बने। चतुर्विध संघ की बागडोर संभालने के पश्चात् व्यसन मुक्ति, संस्कार निर्माण वर्ष, समता स्वाध्याय वर्ष, संस्कार समीक्षा सुधार वर्ष, संघ समर्पणा वर्ष, उपासना विशुद्धि वर्ष, श्रमणोपासक वर्ष, ज्ञान–चेतना वर्ष, आत्मनिर्भर वर्ष, ज्ञानाराधना वर्ष, साधुमार्गी संकल्प शाखा संयोजन वर्ष, गुणोत्कीर्तन वर्ष, उत्क्रांति वर्ष एवं वर्तमान में पंचसहस्त्री श्रद्धाभिषिक्त परिवारांजलि वर्ष, अनुपम वर्ष, जीवन परिवर्तन वर्ष, संयम साधना वर्ष, ज्ञान–आराधना वर्ष और वर्तमान में अनन्य चातुर्मास मेरा चातुर्मास के रूप में आह्वान प्रदान कर आपने संघ को नये–नये आयाम प्रदान किये। ऐसे युगपुरुष को शत्–शत् वंदन अभिवंदन। हमसब वीर प्रभु से आपश्री के दीर्घायु होने की मंगल कामना करते हैं।

साधुमार्गी परम्परा अनादिकाल से भारत भूमि पर धर्म एवं संस्कृति की मानव कल्याणकारी धाराओं में समाहित एवं प्रवाहित है। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव साधुमार्गी परम्परा के आदि गुरु माने जाते हैं उसी परम्परा को श्रमण भगवान महावीर ने समुन्नत किया। मानव उत्थान व कल्याण के नये–नये आयाम सृजित होते रहे और साधुमार्गी परम्परा का विकास होता रहा।

इस परम्परा को अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु श्री हुक्मीचंदजी म.सा. प्रथम आचार्य के रूप में विराजमान हुए, विद्वत् शिरोमणि द्वितीय आचार्य श्री शिवलालजी म.सा., तृतीय आचार्य श्री उदयसागरजी म.सा. ने भोग से योग की ओर प्रस्थान किया और बारह व्रत अंगीकार कर संयम धारण किया। चतुर्थ आचार्य श्री चौथमल जी म.सा. कठोर क्रियाधारी के रूप में ख्यातिलब्ध थे। पंचमाचार्य श्री श्रीलालजी म.सा. अत्यंत ही प्रबुद्ध एवं ओजस्वी प्रखर वक्ता थे। आपके व्याख्यान सुनकर अनेक राजा महाराजा प्रभावित होकर आपके अनुयायी बन गये थे जिनका जीवन धर्म संघ के प्रति समर्पित हो गया। षष्ट्म आचार्य श्री जवाहरलालजी म.सा. ने अजमेर में साधु सम्मेलन में समस्त साधु समाज का एकीकरण किया। श्री जवाहरलाल नेहरू, श्री लोकमान्य तिलक, श्री विनोबा भावे, सरदारवल्लभ भाई पटेल आदि राष्ट्रीय नेताओं ने आपके प्रवचन श्रवण का लाभ लिया। आपने अनेक साहित्यों का सृजन किया। भीनासर, बीकानेर में जवाहर विद्यापीठ आपके नाम से संचालित है। सप्तम आचार्य श्री गणेशलालजी म.सा. ने नवीन युग का सूत्रपात करते हुए आसोज सुदी दूज विक्रम संवत् 2019 दिनांक 30.9.1962 को मुनि नानालालजी म.सा. को विधिवत् रूप से उदयपुर भव्य प्रांगण में हजारों की जनमेदिनी के साक्ष्य में युवाचार्य की चादर प्रदान की और इसी दिन श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ की स्थापना हुई जिसका आज हम सभी 58वां वार्षिक अधिवेशन मना रहे हैं। यह किसी भी संस्था के लिए गौरव की बात है।

अष्ट्म आचार्य श्री नानालालजी म.सा. विश्व की विरल विभूतियों में से एक थे। आचार्य श्री नानेश जैन ही नहीं अजैन समाज में भी ख्यातिलब्ध थे। मालवा प्रांत में पिछड़ी बलाई जाति के लोगों के जीवन उत्थान हेतु उन्हें सद्मार्ग पर लाकर धर्मपाल नाम से संबोधित किया। रतलाम में दिनांक 4.3.1984 को 25 दीक्षाएँ एक साथ सम्पन्न कर समग्र जैन समाज में त्याग–तप का कीर्तिमान स्थापित किया। अशांत विश्व को समीक्षण ध्यान व समता का सूत्र प्रदान कर मानव जाति पर उपकार किया। समाज मे फैली कुरीतियों के प्रति जन चेतना जागृत की। साहित्य सृजन की श्रृंखला में जिणधम्मो जैसे विराट साहित्य की रचना कर इसे कालजयी बनाया। अपने आचार्यकाल में 350 दीक्षाएँ प्रदान कर साधुमार्गी शासन की महती प्रभावना की। अपनी दिव्य दृष्टि से आपने उत्तराधिकारी के रूप में श्री रामलाल जी म.सा. को युवाचार्य की चादर प्रदान की जो आज जिन शासन की प्रभावना कर रहे हैं।

नवम् एवं वर्तमान आचार्य श्री रामलालजी म.सा. का व्यक्तित्व जैन समाज ही नहीं अपितु जैनेतर समाज में भी अपनी संयमी साधना व ओजस्वी प्रवचन के लिए महत्त्वपूर्ण पहचान रखता है। बीकानेर की पुण्यधरा पर युवाचार्य की चादर ग्रहण कर निरंतर आगमों, प्राकृत एवं संस्कृत साहित्यों का पान कर आगमज्ञाता के रूप में ख्यातिलब्ध हुए। आचार्य पद का दायित्व निर्वहन करते हुए धर्मोपदेश का अमृतपान कराते हुए 17 राज्यों में हजारों किलोमीटर पद विहार कर चुके हैं। आपके नेश्राय में 438 चारित्रात्माएँ सम्पूर्ण भारतवर्ष में धर्म की सुरभि फैला रहे हैं। आपके मुखारविंद से 328 मुमुक्षुओं को जैन भागवती दीक्षा ग्रहण करना एक कीर्तिमान है जो आपको दीक्षा दानेश्वरी के रूप में आलोकित करता है। सिरीवाल समाज को हिंसा के त्याग का संकल्प करवाकर उनके जीवन का उत्थान किया। युवाओं और विद्यार्थियों को व्यसनमुक्ति का संकल्प दिलवाकर स्वस्थ एवं निरोगी समाज की परिकल्पना को चरितार्थ किया। समाज में फैली कुरीतियों, आडम्बर के उन्मूलन हेतु उत्क्रांति के रूप में एक प्रकल्प देकर आप उत्क्रांति प्रणेता बने, जिसका अनुसरण निरंतर अन्य समाज में भी होने लगा है।

आपकी उपादेय का प्राणी मात्र ऋणी रहेगा। आपके अनुयायी भारत में ही नहीं अपितु विदेशों में भी धर्म प्रभावना कर रहे हैं। आपके चातुर्मास में अद्भुत, अद्वितीय, तप आराधना का वातावरण देखने को मिलता है। आपश्री के मार्गदर्शन में साधुमार्गी सम्प्रदाय निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। उसी प्रकार संघ में ज्ञान दर्शन चारित्र की अभिवृद्धि हो रही है।

महिला समिति– उद्भव एवं परिचय

नारी वर्ग ममता, करुणा, वात्सल्य का प्रतिबिम्ब है। अगर किसी भी समाज की नारी सुसंस्कारित, शिक्षित एवं सभ्य होगी तो वह समाज किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं रहेगा। उसी उद्देश्य को लेकर महिलाओं के संगठन की स्थापना श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति के रूप में की गई। महिला समिति की स्थापना जैन पंचांग आसोज सुदी 3 अर्थात् 8 अक्टूबर 1967 को दुर्ग, छतीसगढ़ में श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ की अंतर्गत संस्था के स्वरूप में हुई। अपने स्थापना से लेकर अब तक महिला समिति की देशभर में फैली सैकड़ों शाखाओं ने सर्वधर्मी सहयोग, छात्रवृत्ति, जीवदया, धार्मिक क्रियाकलाप, संगठन, युवती शक्ति, प्रोफेशनल फोरम आदि में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। महिला समिति का केन्द्रीय कार्यालय समता भवन बीकानेर में स्थित है तथा वर्तमान में महिला समिति सर्वधर्मी सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

श्री अ.भा.सा. जैन महिला समिति नारी विकास, उत्थान हेतु पिछले कई वर्षों से महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। भारतवर्ष के सैकड़ों स्थानों पर महिला समिति की शाखाओं द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक अनेक प्रकल्पों का संचालन किया जा रहा है। निश्चित रूप से महिला समिति द्वारा किये जा रहे कार्य नारी विकास का एक महत्त्वपूर्ण केन्द्र हैं। समिति का प्रमुख उद्देश्य चतुर्विध संघ में सम्यग्ज्ञान–दर्शन–चारित्र की अभिवृद्धि करना है।

महिला समिति के द्वारा 2017 में स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया गया जो बहुत ही गौरवशाली रहा। जब महिला समिति का गठन हुआ तो प्रथम अध्यक्षा के रूप में आनंदकंवर जी पितलिया को मनोनीत किया गया और अब तक इन 53 सालों में 20 अध्यक्षाओं को संघ सेवा का गुरुत्तर दायित्व प्रदान किया जा चुका है, जिनके अनुकरणीय सहयोग एवं पुरुषार्थ को कभी विस्मृत नही किया जा सकता है। श्रीमती आनंदकंवर बाई पितलिया, श्रीमती यशोदा देवी बोहरा, श्रीमती फूलकंवर बाई कांकरिया, श्रीमती विजिया देवी सुराना, श्रीमती सूरत देवी चौरडिया, श्रीमती अचला देवी तालेरा, श्रीमती प्रेमलता जी जैन, श्रीमती रसकुंवर बाई सूर्या, श्रीमती शांता देवी मेहता, श्रीमती निर्मला देवी चौरडिया, श्रीमती कांताबेन बोहरा, श्रीमती नीला देवी बोहरा, श्रीमती मीना जी रांका, श्रीमती रतना जी ओस्तवाल, श्रीमती शोभा देवी बैद, श्रीमती चंद्रकांता जी बोथरा, श्रीमती सुशीला जी सांखला, श्रीमती कुमुद जी सिपानी, श्रीमती प्रभा जी देशलहरा और श्रीमती नंदा जी कर्नावटने अपना बहुमूल्य समय देकर विशालकाय एवं समृद्धिशाली स्वरूप का परिचय दिया। आपकी निःस्वार्थ सेवा अमूल्य योग्दान ने महिला समिति को सशक्त और सुदृढ़ बनाया है भविष्य को और अधिक सुनहरा और गौरवमयी बनाने के लिए आपके सहयोग व मार्गदर्शन की महिला समिति सदैव प्रार्थिनी रहेगी। आपके निश्छल स्नेह और सहयोग के लिए महिला समिति सदैव आपकी आभारी रहेगी।

अध्यक्ष की कलम से
श्रीमती नंदाकर्नावट, राष्ट्रीय अध्यक्षा

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी महिला समिति
वार्षिक अधिवेशन 2020 राष्ट्रीय अध्यक्ष उद्‌बोधन

सर्वप्रथम अष्ट कर्मों का क्षय कर, अष्ट गुणों को प्राप्त करने वाले, केवलज्ञान प्रकट कर, सिद्धत्व अवस्था को पाने वाले, **अहिंसा के अवतार तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी** को कोटिशः वंदन।

प्रातः वंदनीय, समीक्षण ध्यान योगी, धर्मपाल निर्माता, परम श्रद्धेय **1008, आचार्य श्री नानेश** के गुणों का स्मरण करते हुए।

आगम गूढ़ रहस्य ज्ञाता, प्रशांतमना, युवा प्रेरणास्रोत, परीषहों को सहन कर, संयम के कठोर पालनकर्त्ता, हुक्म–गच्छ के नवम् नक्षत्र, नानेश पट्टधर, परम श्रद्धेय **आचार्य प्रवर 1008, श्री रामलाल जी म.सा.** के पावन चरणों में कोटिशः वंदन।

ज्ञान रूपी प्रकाश देने वाले, तत्त्व एवं तथ्य के सूक्ष्म निरीक्षण कर्ता, स्वयं आगम ज्ञान प्राप्त कर, भवी जीवों कोवाचनी देने वाले, ज्ञान के भंडार, जिनके व्यवहार में गंभीरता, मधुरता झलकती हो, ऐसे **बहुश्रुत वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर श्री राजेश मुनि जी म.सा.**के पावन चरणों में कोटिशः वंदन।

जिनशासन को दीपाने वाले, गुरु आज्ञा शिरोधार्य करने वाले, समस्त चरित्रात्माओं के पावन चरणों में कोटिशः वंदन।

गौरवशाली श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ के वर्तमान **राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री एवं संघ के समस्त पूर्व अध्यक्ष, महामंत्री एवं पदाधिकारीगण, समता युवा संघ के अध्यक्ष, महामंत्री तथा पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्य** एवं पधारे हुए समस्त गुरु भक्त और समस्त श्रावक–श्राविकाओं का अ. भा.साधुमार्गी समता महिला समिति के **53वें अधिवेशन** में हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन।
सभी को सादर जय जिनेन्द्र, जय गुरु राम।

बड़े ही गौरव का विषय है कि महिला समिति आज अपना **53 वां वार्षिक अधिवेशन** मना रही है, साधुमार्गी जैन संघ जिसे हुक्म गच्छ के नौ आचार्यों ने अनंत परीषह सहन कर, ज्ञान–ध्यान की मजबूत नींव पर खड़ा किया है, उसी नींव पर आगे से आगे समय–समय पर ईंट से ईंट जोड़ते हुए, संघ के सिद्धांतों को कायम रखते हुए, संघ के गौरवशाली पदाधिकारियों ने, इसे सहनशीलता से संपूर्ण विश्व में प्रबल एवं आध्यात्मिक पहचान के साथ आगे बढ़ाया है।

मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानती हूँ कि महिला समिति ने मुझे यह सेवा करने का मौका दिया है एवं पुण्यवानी है मेरी, जिसे परिवार जैसी एक टीम कार्यकारिणी के रूप में मिली और पिछले एक साल के कार्यकाल में इस **अनन्य महोत्सव** पर कार्य करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

कार्यकाल के प्रारम्भ से ही हमारी टीम ऐसी सोच के साथ आगे बढ़ रही है, कि महिला समिति का प्रत्येक कार्य एकरूपता से, एक केंद्रित निर्णय के माध्यम से आगे बढ़े। **साधुमार्गी संघ, समता युवा संघ और जैन महिला समिति** एकजुट होकर, संघ के प्रत्येक कार्य को अंजाम देने में एक साथ एवं एक सोच के साथ आगे बढ़ रहे है, तो उसका फल सकारात्मक रूप से चारों ओर फैल रहा है।

आचार्य भगवन् एवं उपाध्याय प्रवर की असीम कृपा से, समस्त पूर्व अध्यक्षाओं एवं पदाधिकारीगण के मार्गदर्शन, वर्तमान टीम के सभी पदाधिकारीगण की सूझ–बूझ, समस्त कार्यकारिणी के अद्भुत प्रयास एवं संघ के प्रत्येक सदस्य के जुड़ाव से, समता महिला समिति अपने प्रवृतियों के माध्यम से अनेक गतिविधियों द्वारा संघ के प्रत्येक सदस्य तक पहुंचाने में काफी हद तक सक्रिय बनी है।

कार्यकाल के प्रारम्भ से ही हर कार्य को हर प्रवृत्ति को अंजाम देने हेतु, ब्लू प्रिंट के माध्यम से संघ के प्रथम महिला से अंतिम महिला तक को जोड़ने का अथक प्रयास किया, जिससे पदाधिकारियों को एक लिंक से जोड़ते हुए, राष्ट्रीय प्रवृत्ति संयोजिका से लेकर आंचलिक संयोजिका एवं उनके माध्यम से क्षेत्रीय संयोजिका तक को कार्य पहुंचाने का मार्ग प्रेषित किया है, जिससे हर कार्य आसानी से संघ के हर सदस्य तक पहुँचाया जा सके।

एक वर्ष में महिला समिति ने **तीन नयी प्रवृत्तियों को प्रारंभ किया है**, यही सोच के साथ कि महिला समिति जैसे–जैसे विकास कर रही है, तो अपना एक दायित्व बन जाता है कि संघ के प्रत्येक वर्ग के सदस्य को उनकी शैली एवं योग्यता अनुसार एक प्लेटफॉर्म दिया जाए, जिससे संघ में भी नयी प्रतिभाओ का आगमन हो।

इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए महिला समिति में इन तीन नई प्रवृत्तियों को प्रारंभ किया है।

1. महिला प्रोफेशनल फोरम 2. युवती शक्ति 3.संगठन

- **महिला प्रोफेशनल फोरम** में संघ की उन सभी महिलाओं को जोड़ने का प्रयास किया गया है जो पोस्ट ग्रेजुएट हैं, चाहे वह वर्किंग हों या नॉन वर्किंग।
- **युवती शक्ति** जो आज सही मायने में विश्व की सबसे ऊर्जात्मक एवं महत्वपूर्ण शक्ति है एवं हमारे संघ में एक बहुत बड़ी युवा सोच का निर्माण करने में फलित होगी और अनेक नई प्रतिभाओ का प्रवेश हमें आने वाले समय में दिखाई देगा।
- **महिला संगठन** संघ की मजबूती का एक अहम हिस्सा संगठन है, जिसके माध्यम से प्रत्येक महिला को संघ के साथ जोडने का अद्भुत प्रयास किया है।

पूर्व से आयोजित प्रवृत्तियाँ जिसमे परिवारांजलि, केसरिया कार्यशाला की प्रभावना एवं आयोजन सक्षम रूप से निरंतर बना हुआ है, सभी प्रवृत्तियों का विस्तार से विश्लेषण महामंत्रीजी के प्रतिवेदन में आपके समक्ष आएगा। **सर्वधर्मी योजना, समता छात्रवृति** योजना का उच्चत्तम प्रयोग सुचारु रूप से बना हुआ है।

अनन्य महोत्सव, समीक्षण ध्यान योगी, आचार्य श्री नानालालजी म. सा. की जन्मशताब्दी के पावन प्रसंग में आयोजित प्रवास फलस्वरूप समस्त 12 अंचल के छोटे से छोटे कस्बे, गांव, नगर में पहुंचने का सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं सभी अंचल के उपाध्यक्ष–मंत्री के सहयोग से अंचल के ज्यादा से ज्यादा साधुमार्गी परिवारों से संपर्क हुआ एवं प्रेरणात्मक रूप से संघ की गतिविधियों को एवं आचार्य श्री नानेश के चिंतन को उन सभी के सामने रखने का तथा जन–जन तक पहुंचाने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

वर्तमान आचार्य भगवन् की हमेशा यही सोच एवं प्रेरणा रही है कि संघ का प्रत्येक सदस्य ज्ञानवान एवं क्रियावान बनें।

उसी सोच को आधार बनाते हुए, संघ के प्रत्येक सदस्य में ज्ञान को बढ़ाने के लिये, संघ की अनेक योजनाएँ जिसमें समता पाठशाला, जैन संस्कार पाठ्यक्रम आदि धार्मिक परीक्षाओं को लागू करने का एक प्रयास किया गया है, जिसकी प्रेरणा महिला समिति अलग–अलग माध्यम से कर रही हैं।
लगभग 5 माह में देशभर में सभी अंचलों का प्रवास करते हुए जो अनुभव पाया है, वह अपने स्वयं के जीवन को संघ कार्यो में दृढ़ बनाने में काफी प्रेरणात्मक रहा है।

कोरोना वैश्विक महामारी की इस विषम परिस्थिति मे महिला मंडल ने पिछले 7 माह में जो ऊर्जा दिखाई है, वह सराहनीय है, zoom के माध्यम से हर अंचल में हर प्रवृत्ति की मीटिंग रखी गयी, समस्त उपाध्यक्ष–मंत्री को जोड़ा गया, समस्त महिला मंडल के स्थानीय अध्यक्ष–मंत्री और उनकी working Team को जोड़ा गया और एक अलग स्फूर्ति से संघ विकास हेतु सम्पूर्ण टीम ने कार्य किया है।

आभार व्यक्त करती हूँ पूरी टीम का जिसने कंधे से कंधा मिलाकर हर कार्य को सफल बनाने में सहयोग दिया एवं संघ के विकास हेतु हम सब एक साथ मिलकर एकरूपता से आगे बढ़ते रहे।

जय गुरु नाना – जय गुरु राम

महामंत्री उदबोधन

श्रीमती गीता दक, राष्ट्रीय महामंत्री

अज्ञान तिमिर का हरण कर,
घट में ज्ञान के प्रकाश से,
कर्मो का– नाश कर,
मुक्ति में वास करने वाले।

श्रमण भगवान महावीर स्वामी को कोटि कोटि वंदन...

समता ही मुक्ति का द्वार है।
समता ही आगम का सार है।
समतामय जीवन जीने वाले समता विभूति
आचार्य श्री नानेश को वंदन बारंबार है।

जो हमेशा आत्म समाधि में लीन रहते हैं
जो निंदा प्रशंसा में समभाव रखने वाले हैं
जो अपनी हर एक प्रवृत्ति आगम के अनुरूप निष्पन्न करते हैं
जिनके कठोर संयम से प्रभावित होकर अनेक भव्य जीव संयम के रथ पर आरूढ़ हो रहे हैं
ऐसे हुक्म संघ की गरिमा को देदीप्यमान करने वाले ,आस्था के आयाम 1008 आचार्य भगवन श्री रामलाल जी म.सा. के चरणों में कोटि–कोटि वंदन।

जिनके वचनों में सागर सी गंभीरता है
जिनकी वाणी में मिश्री सी मधुरता है
जिनके संयम में पर्वत सी कठोरता है
जिनके आभामंडल में चंद्रमा सी शीतलता है
जिनके मुख मंडल मे सूर्य सी तेजस्विता है

ऐसे बहुश्रुत वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्री राजेश मुनि जी म.सा. के पावन चरणों में कोटि कोटि वंदन...
जिनकी हर प्रवृत्ति में आज्ञा पालन का भाव रहता हैं
जो प्रतिपल, सम्यक–ज्ञान–दर्शन–चरित्र की आराधना में लीन रहते हुए आचार्य भगवन् के इंगित इशारों का पालन करने के लिए तत्पर रहते हैं –
ऐसे मुक्ति पथ पर गतिशील रहने वाले समस्त चारित्र शील संत महापुरुषों और महासतियाँ जी म.सा. के चरणो में कोटि कोटि वंदन नमन...

सम्माननीय मंच, मुख्य अतिथि गण, संघ संरक्षिका महोदया जी, पूर्व अध्यक्ष महोदय जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी, राष्ट्रीय मंत्री जी, राष्ट्रीय प्रवृत्ति संयोजिक जी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जी तथा जोधपुर महिला मंडल के पदाधिकारी एवं देश के कोने–कोने से पधारी हुई समस्त महिला सदस्यों –आप सभी का श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति के **53 वें वार्षिक अधिवेशन** में

धर्म नगरी जोधपुर के प्रांगण में हार्दिक स्वागत करते हुए एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आपका अभिनंदन करती हूं।

आचार्य श्री की असीम कृपा से महिला समिति 53 वर्षों की इस दीर्घकालीन यात्रा को पूर्ण करते हुए आज विश्व पटल पर अनेकानेक शाखाओं के साथ मिलकर एक विशाल वटवृक्ष के रूप में हमारे समक्ष परिलक्षित है जिसकी शाखाएं संपूर्ण भारतवर्ष के साथ–साथ विश्व के कई देशों में भी संचालित है।

मानव जाति के चरण निरंतर प्रगति पथ पर गतिशील हैं। प्रगति और उन्नति मनुष्य की क्रियाशीलता के प्रतीक हैं। यह प्रगति भौतिक व आध्यात्मिक दोनों ही क्षेत्र में है। भौतिक प्रगति मनुष्य की जरूरत है तो अध्यात्मिक प्रगति मानव को जाग्रत व क्रियावान के साथ साथ विनयवान बनाती है।

तीर्थंकर भगवन्तो द्वारा स्थापित तीर्थ में श्री संघ युवा संघ एवं महिला समिति तीनों ही आवश्यक है और इन्हें निरंतर गतिशील करने के लिए वार्षिक अधिवेशन करना अनिवार्य है। इस प्रतिवेदन के माध्यम से हम सभी वर्ष भर में की गई गतिविधियो को जानने का प्रयास करेंगे।

महिला समिति की अलौकिक चमक में समस्त पूर्व पदाधिकारीगण व सभी सदस्यों का सहयोग एवं मार्गदर्शन मिलता रहा।

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति की मधुरभाषी, स्नेह मूर्ति, ऊर्जावान हंसमुख व्यक्तित्व के धनी राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती नंदा जी कर्णावट के कुशल नेतृत्व में संघ सेवा करने का सुअवसर मुझे प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती नंदाजी कर्णावट की अध्यक्षता में प्रथम कार्यकारिणी सभा में महिला समिति द्वारा स्थानीय पदाधिकारियों के साथ मिलकर उत्साह के साथ पुरुषार्थ करके जो कार्य करके दिखाया इस हेतु आप सभी का समिति की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं ।

आप सभी ने साथ मिलकर अपने कार्यों से सभी क्षेत्रों के महिला मंडलों को मजबूती प्रदान की इससे महिला समिति का गौरव बढ़ा है। अब मैं समिति द्वारा संचालित सभी मुख्य प्रवृत्तियों एवं उनकी उपलब्धियों पर आप सभी का ध्यान आकृष्ट करने का भाव रखती हूं।

इस वर्ष को हम सभी अनन्य महोत्सव के रूप में मना रहे हैं कोरोना वायरस के चलते हमने त्रैमासिक कार्यकारणी की दूसरी एवं तीसरी बैठक के साथ–साथ संपूर्ण भारतवर्ष के अंचलवार राष्ट्रीय मंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, प्रवृत्ति संयोजिका एवं स्थानीय पदाधिकारियों के साथ भी जूम ऐप के माध्यम से मीटिंग संचालित की और घर पर रहते हुए संघ हेतु कार्य किया उसमें आप सभी का उत्साह देखते हुए मुझे अति प्रसन्नता एवं हर्ष का अनुभव हुआ।

आप सभी का साथ एवं आशीर्वाद हमेशा ऐसा ही बना रहे यही आप सभी से आशा रखती हूं।

नव निर्वाचित महिला समिति की प्रथम त्रैमासिक बैठक बीकानेर में हुई जिसमें सर्वसम्मति से तीन नई प्रवृत्तियों को जोड़ने की सहमति बनी–

1– संगठन
2–युवती शक्ति
3–प्रोफेशनल प्रवृत्ति

संगठन प्रवृत्ति को बीकानेर बैठक में ही पारित कर दिया था। अनन्य महोत्सव प्रवास यात्रा के दौरान युवती शक्ति एवं प्रोफेशनल फोरम प्रवृत्ति का गूगल फॉर्म बेंगलुरु में लांच किया गया।

अभी तक कुल रजिस्ट्रेशन –

- **युवती शक्ति : 2725 सदस्य**
- **प्रोफेशनल फोरम : 1390 सदस्य**

- **संगठन : 1875 सदस्य**
- **सर्वधर्मी सहयोग– 296 परिवार**
  लोकडाउन के दौरान सभी वीर परिवार को 10000 और
  साधुमार्गी परिवार को 1500 अतिरिक्त सहायता राशि प्रदान की गई।
- **परिवारांजलि – 3000 फॉर्म, कुल 13215 फॉर्म भरे जा चुके है।**
- **समता छात्रवृत्ति–37 विद्यार्थी**
- **केसरिया कार्यशाला गतिमान है।**

अनन्य महोत्सव प्रवास यात्रा :

नवनिर्वाचित महिला समिति पदाधिकारी व स्थानीय पदाधिकारीगण के साथ मिलकर हमने अनन्य महोत्सव प्रवास यात्रा की शुरुआत की।

दिनांक– 4.11.2019 से 7.11.2019 तक मेवाड़ अचंल – भाग 1
दिनांक– 9.11.2019 से 11.11.2019 तक महाराष्ट्र–विदर्भ–खानदेश अंचल
दिनांक– 17.11.2019 से 21.11.2019 तक मालवा अंचल – भाग – 1
दिनांक– 30.11.2019 से 8.12.2019 तक मुम्बई–गुजरात–यूएई अंचल
दिनांक– 02.01.2020 से 05.01.2020 तक कर्नाटक–आंध्रप्रदेश अचंल
दिनांक– 14.01.2020 से 19.01.2020 तक पूर्वोत्तर अंचल
दिनांक– 15.02.2020 से 18.02.2020 तक दिल्ली–पंजाब–हरियाणा–उत्तरप्रदेश अंचल
दिनांक– 19.02.2020 से 25.02.2020 तक बीकानेर–मारवाड़ अंचल
दिनांक– 12.03.2020 से 16.03.2020 तक मेवाड़ अचंल – भाग – 2

इस प्रवास के दौरान हमने महिला संघ की मजबूती के साथ आपस में अपनत्व लाने का प्रयास किया।

30 सितम्बर 2019 तक कुल 219 महिला मंडल।
अब तक नये महिला मण्डल की संख्या 38 है।
सम्पूर्ण भारतवर्ष में **कुल 257 महिला मण्डल** है।

विगत चार माह में चारित्रात्माओं के देवलोक गमन पर 4 लोगस्स का ध्यान करें।

अपने विचार को विराम देते हुए समिति की अध्यक्षा श्रीमती नंदा जी कर्नावट का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ तथा उन्हें साधुवाद देना चाहूँगी कि आपने कुशल नेतृत्व देकर समिति की गतिविधियों को कुशलता से संचालित कर संघ की उत्कृष्ट सेवा की हैं आपकी आत्मीयता एवं प्रेरणा मुझे समय–समय पर संबल प्रदान करती रही। मैं सभी कर्मठ कार्यकत्ता बहनों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करना चाहूँगी। मुझे आशा ही नही वरन् पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सहयोग से महिला समिति जिन उद्धेश्यों को लेकर कार्य कर रही है। वह एक दिन राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिलब्ध होगी।

सभी के सहयोग से समिति प्रगतिशील है इसीलिए मैं हृदय से सभी का आभार ज्ञापित करती हूँ।

गुरु ने राह दिखाई, अभी चलना है बाकी...

राही तुम भूल न जाना, अभी मंजिल है बाकी...

जय नानेश। **जय रामेश।**

कोषाध्यक्ष की कलम से

श्रीमती सुमन जी सुराणा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्षा

तन से सेवा कीजिए, मन से भले विचार,
धन से इस संसार में, करिए पर उपकार।।

अत्र विराजित प्रतिपल वंदनीय आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलालजी म.सा. एवं बहुश्रुत वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर श्री राजेश मुनि जी म.सा. आदि ठाणा के पावन चरणों में वंदन।
मंच पर उपस्थित समारोह के मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती नंदा जी कर्नावट, रा. महामंत्री श्रीमती गीता जी दक, वरिष्ठ श्राविकाएँ, सम्मानीय मंच एवं देश के कोने–कोने से पधारी हुई संघ समर्पित बहनें सादर जय जिनेन्द्र।

यह अखिल भारतीय साधुमार्गी जैन महिला समिति का **53वां अधिवशन** है। यह वर्ष सभी के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा है। वैश्विक महामारी से आज पूरा विश्व पीड़ित है। इस महामारी ने संपूर्ण विश्व को स्तंभित कर दिया है। समय का प्रवाह मानो रुक गया है चारों तरफ निराशा का माहौल हैं। ऐसे समय में आशा की किरण है जिन–धर्म, जिनवाणी। जिनवाणी से ऐसे कठिन समय में भी अनेक आत्माएं भावित हो रही हैं। श्रावक वर्ग में भी ज्ञान–ध्यान, तप के प्रति एक अनन्य उत्साह देखने को मिल रहा है। निरन्तर ज्ञान की धारा प्रवाहित हो रही है। ये सुफल है हमारे आचार्य भगवन, उपाध्याय प्रवर व समस्त चारित्र आत्माओं के समयक् पुरुषार्थ का, निर्मल चरित्र पालन का, सम्यक् आचरण का। आपश्री की संयम के प्रति सजगता, चरित्र की निर्मलता अनेक आत्माओं का पथ प्रशस्त कर रही है।

सम्पूर्ण भारतवर्ष में इस अनन्य महोत्सव चातुर्मास की छटा देख जनमानस हतप्रभ है। अचंभित मन कभी–कभी तो यह सोचने को लालायित हो जाता है कि कहीं हम दिव्य स्वप्न में चतुर्थ आरे की छटा तो नहीं निहार रहे हैं, पर वास्तव में यह सब पंचम् आरे में संभव कराने वाले हमारे आराध्य, श्रद्धा के केन्द्र, पूज्य गुरुदेव के आचरण की निर्मलता, संयम की दृढ़ता, चारित्र की उत्कृष्टता, सेवा भावना की महत्ता का ही सुफल हैं जो हम ऐसे भव्य नजारे देख रहें हैं। कहते हैं कि देव भी ऐसे भव्य नजारे देखने को तरसते हैं।

आपके ज्ञान, दर्शन चारित्र की उत्कृष्टता और निर्मलता देखकर अनेक भव्य आत्माएँ क्या आबाल, क्या वृद्ध, क्या नवयुवक, क्या प्रौढ़, उत्कृष्ट चारित्र पालन के भावों के साथ समस्त भौतिक सुख सुविधाओं और परिवार का मोह त्याग कर असि मार्ग पर चलने के समान दुरूह संयम मार्ग को सहर्ष स्वीकार कर रहे है।

श्रावक–श्राविकाएँ ज्ञानवान एवं क्रियावान बनें ये हमारे शासन नायक का ध्येय है। उसी ध्येय को सिद्ध किया है अनन्य चातुर्मास ने। वैश्विक महामारी और लॉकडाउन के बावजूद आचार्य श्री नानेश जन्मोत्सव ने अद्भुत छटा बिखेरी है। सभी क्षेत्र में ज्ञान–ध्यान, तप–त्याग का ठाठ लग गया। श्रावक–श्राविकाओं में एक नव जागरण का कार्य किया हैं।

महिला समिति अपने विकास यात्रा के 53 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। यह किसी भी संस्था के लिए गौरव की बात है। 53 वर्षों के विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ उस संस्था के कार्यकर्त्ता के सुयश के

साथ–साथ अर्थ की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है क्योंकि किसी भी योजना के आधार का स्वरूप अर्थ से ही प्रारंभ होता है। महिला समिति के विकास की यात्रा में उन सभी दानदाताओं का सुयश अनुगुंजित हो गया है। जिनके अनुकरणीय व विशिष्ट सहयोग से महिला समिति द्वारा अनेक योजनाएँ फलीभूत होकर जन हितार्थ कार्य में प्रवाहमान हैं। इतिहास पर दृष्टिपात करें जिनके सहयोग ने इस यज्ञ में आहुति दी। महिला समिति की इन परियोजनाओं में दानदाताओं का हृदय से आभार ज्ञापित करती हूँ जिनके विशिष्ट व अनुकरणीय सहयोग से महिला समिति राष्ट्रीय ही नहीं अपितु अन्तराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति अर्जित कर रही है।

वर्तमान में महिला समिति द्वारा अनेक प्रवृत्तियाँ संचालित की जा रही हैं। संगठन, सर्वधर्मी सहायता, छात्रवृत्ति, साधुमार्गी वुमन प्रोफेशनल फोरम, युवती शक्ति, परिवारांजलि, केसरिया कार्यशाला इत्यादि।सभी प्रवृत्तियाँ बहुत ही व्यवस्थित तरीके से चल रही हैं।

जब मुझे महिला समिति के कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया तो मेरे हृदय में दृढ़ संकल्प था कि पूर्व वरिष्ठ श्राविकाओं, कोषाध्यक्षाओं, महामंत्री एवं कार्यकताओं के सुयश से महिला समिति का जो यह बीज वटवृक्ष बना है जिसकी शाखारूपी विभिन्न प्रवृत्तियों को और अधिक सघन एवं मजबूत बनाना है ताकि इसकी छाँव में जन–जन लाभान्वित हो सके। इन प्रयासों में मुझे आपका आशीर्वाद एवं सहयोग कदम–कदम पर प्राप्त हुआ है। आपके इस मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु आभार ज्ञापित करती हूँ तथा साथ ही साथ महिला समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय मंत्री, प्रवृत्ति संयोजिकाएँ, कार्यकारिणी सदस्याओं, शाखा संयोजिकाएँ बहनों का आभार ज्ञापित करती हूँ जिन्होंने अपने क्षेत्र में प्रेरणा द्वारा महिला समिति के कोष में अभिवृद्धि हेतु प्रयत्न किया। महिला समिति की सदैव यह भावना रही है कि समाज की कोई भी जरूरतमंद महिला जिसे आवश्यकता हो वह महिला समिति को अवश्य अवगत करवाये। हम सदैव उनके साथ तन–मन–धन से तत्पर रहेंगे। धन के आभाव में शिक्षा या चिकित्सा से वंचित नहीं रहना चाहिए, यही साधुमार्गी संघ का प्रथम संकल्प है।

''दान जगत का प्रकृत धर्म है, फिर क्यों मनुज व्यर्थ डरता है।
एक रोज तो हमें स्वयं ही, सब कुछ देना पड़ता है।।''

BALANCE SHEET

ABSJ Sangh - Mahila Samiti, Bikaner

(Under Shri ABS Jain Sangh, Bikaner)

Balance Sheet as at March 31, 2020

Liabilities	Amount		Assets	Amount	
Capital Fund		13881862.66	**ABSJS Bikaner (Fixed A/c)**		37539571.00
Opening Balance	11564665.16		Opening Balance: 37714226.00	38191320.50	
Add: Corpus Donation			**Fixed Assets**		
Life Membership Fee	239500.00		Furniture 393329.00		
Shubh Shri Vardhi Yojna	1100.00		Computer 54500.00		
Surplus/(Deficit) of the year	2076597.50		**Current assets**		
			Sundry Debtors 29265.50		
Other Funds		23657708.34			
Fixed Fund	8792.00		Add: Surplus During the year	2076597.5	
Guwahati Sarwadharmi Sthai Kosh	1797706.00		Add: Donation Sarwadharmi	1107102	
Idam N Man Fund	237600.00		Add: Donation papad	1291500	
Jeev Daya Fund	309791.50		Add: Life Membership Fees	239500	
Mahila Examination Fund	160701.00		Add: Shubh Shri Vridhi Yojna	1100	
Other Sahyog	122500.00		Less: Samajik Suraksha Given	-183500	
Samajik Suraksha Fund (572756.00 - 183500.00)	389256.00		Less: Sahyog Given	-5184049	
Samta Chatravar Nidhi	3237456.00				
Samta Chatravar Nidhi Fund	2866758.00				
Sanrakshak Member Fees	165000.00				
Sarwadharmi Sahayog Fund Opening bal: 16139730.84 Add: Donation: 1107102.00 Add: Donation Papad: 1291500.00 Less: Sahyog Given: 5184049.00	13354283.84				
Swarn Jayanti	959864.00				
Varisht Life Membership Fund	48000.00				
Total		**37539571.00**	**Total**		**37539571.00**

Date: 18.10.2020

ABSJ Sangh Mahila Samiti, Bikaner

Nanda Karnavat	Geeta Dak	Suman Surana
President	Secretary	Treasurer

Note:

1. Above figures have been drawn from audited books of accounts of ABSJS Bikaner (Patron Sangh).
2. All the assets have been merged with the accounts of Patron Sangh and hence forth Rs. 3,75,39,571.00/- would be appearing as investment in Patron Sangh and no separate books of accounts would be maintained of mahila sangh.
3. At Jodhpur Adhiveshan, 18.10.2020.

आपकी अमूल्य सेवाएँ

निःस्वार्थ जन सेवा ही आत्मान्वेषण का आरम्भ है स्वयं के ही सभी जीवन व्यतीत करते है, किन्तु दूसरे के प्रति समर्पित और करुणावान होना की मनुष्यता है। कहां जाता है कि निस्वार्थ भावना जहा हो वहां अपने आप ही सुख की रसधार बरसनी शुरू हो जाती है। स्वयं को भूल कर मानव जाति के समर्पण की भावना रखना ही श्रेष्ठ है। सम्पूर्ण समाज के उत्थान के लिए सहायता का प्रयत्न करने के लिए करुणा भाव व निर्मल हृदय होना अनिवार्य है। नारी को करुणा स्वरूप माना जाता है। नारी निष्काम, निर्मल, निस्वार्थ समता भाव से संसार के उत्थान के लिए स्वयं का समर्पण करती है। ऐसी ही श्रृंखला है श्री अ.भा.सा.जैन महिला समिति की पूरे भारत वर्ष में समाजोपयोगी कार्यों के माध्यम से भरपूर करुणा बरसा रहीं हैं। संरक्षिका उदारमना कुशल नेतृत्व की धनी शासन शिरोमणि आदरणीया श्रीमती शान्ता देवी मेहता, श्रीमती जेठीदेवी जी सिपानी, श्रीमती लक्ष्मीबाई धाडीवाल, श्रीमती उमराव बाई मुथा, श्रीमती प्रेमबाई जैन, श्रीमती यशोदा देवी बोहरा और श्रीमती आनंदकंवर जी पितलिया आपने महिला समिति को संघ के शिखर पर पहुँचाया है। आपकी प्रेरणा और प्रोत्साहन से यह नन्हा–सा पौधा आज पूर्ण रूप से विकसित पल्लवित पुष्पित व फलित महावृक्ष बन चुका है। भविष्य में भी इसी तरह आपके आशीर्वाद की अमिय वर्षा हम पर बरसती रहे।

श्रीमती निर्मला देवी चौरड़िया
जयपुर

श्रीमती रत्ना जी ओस्तवाल
राजनांदगांव

श्रीमती शोभा जी बैद
मुंबई

श्रीमती चन्द्रकांता जी बोथरा
अहमदाबाद

श्रीमती सुशीला जी सांखला
मुंबई

श्रीमती कुमुद जी सिपानी
बेंगलोर

श्रीमती प्रभा जी देशलहरा
दुर्ग

श्रीमती नंदा जी कर्नावट
बेंगलोर



जय गुरु नाना   जय महावीर   जय गुरु राम

ह शि उ चौ श्री ज ग ना रा

राम चमक रहे भानु समाना

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति
बीकानेर (राज.)

blueprint

महिला समिति कार्यप्रणाली
Work Manual - 2019-21

ब्लू प्रिंट के माध्यम से संघ के प्रथम व्यक्ति से अंतिम व्यक्ति तक को जोड़ने का एक रोड मेप, जिससे पदाधिकारियों को एक लिंक से जोड़ते हुए, राष्ट्रीय संयोजिका से लेकर अंचल संयोजिका एवं उनके माध्यम से क्षेत्र संयोजिका तक को कार्य पहुंचाने का मार्ग प्रेषित किया है, जिससे हर कार्य आसानी से संघ के हर सदस्य तक पहुँचाया जा सके।

इस एक वर्ष में महिला समिति **तीन नयी प्रवृत्तियों** के साथ आगे आई है।

1. महिला प्रोफेशनल फोरम   2. युवती शक्ति   3.संगठन

महिला समिति की विभिन्न प्रवृत्तियाँ–

महिला संगठन–

श्रीमती सुरेखा जी सांड (बेंगलोर) :–शासननिष्ठ, कर्मठ कार्यकर्त्ता सुश्राविका श्रीमती सुरेखा जी सांड आप संगठन की संयोजिका है।

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति के अंतर्गत संगठन प्रवृत्ति को जोड़ा गया है जिसका उद्देश्य देश–विदेश के समस्त साधुमार्गी महिलाओं को संघ सदस्यता से जोड़ना है। संघ हमारा प्राण है संगठन उसकी शक्ति है।
आए महिला शक्ति के एकत्रीकरण के लिए हम सब जुड़ते हैं और संघ के विकास में अपना अभिनव योगदान देने को तत्पर होते है। एक नए रूप में एक नए अंदाज में आइए, सदस्यता ग्रहण करें। साधुमार्गी स्थानीय महिला मंडल एवं श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति बीकानेर के संगठन में सहयोग का पहला हाथ मेरा हो।

"लेकर हाथों में हाथ चले साथ–साथ,
संगठन हमारा नारा हो,
इस अनन्य महोत्सव में गुरुवर के चरणों में,
यह अनन्य उपहार हमारा हो"

1 अक्टूबर 2019 से 4 अगस्त 2020 तक बने आजीवन सदस्य–

मेवाड़ अंचल– 40

जयपुर–ब्यावर अंचल– 2

मध्यप्रदेश अंचल– 78

छत्तीसगढ़–उड़ीसा अंचल– 45

मुम्बई–गुजरात–यू.ए.ई अंचल– 6

महाराष्ट्र–विदर्भ–खानदेश अंचल– 10

पूर्वोत्तर अंचल– 13

कुल– 194

श्री अ.भा.सा. जैन महिला समिति संगठन के अंतर्गत (5 अगस्त से 5 अक्टूबर तक) 250 रुपये की छूट में बने आजीवन सदस्य	
अंचल	आजीवन सदस्य
मेवाड	301
बीकानेर–मारवाड़	59
जयपुर–ब्यावर	51
मध्यप्रदेश	310
छत्तीसगढ़–उड़ीसा	193
कर्नाटक–आंध्रप्रदेश	73
तमिलनाडु	134
मुम्बई–गुजरात–यु.ए.ई	236
महाराष्ट्र–विदर्भ–खानदेश	16
बंगाल–बिहार–नेपाल–भूटान	157
पूर्वोत्तर	271
दिल्ली–पंजाब–हरियाणा–उत्तरप्रदेश	74
कुल	1875

युवती शक्ति

श्रीमती रश्मि जी जेलमी (औरंगाबाद) :– सरलमना, शांत स्वभावी श्रीमती रश्मी जी जेलमी युवती शक्ति की संयोजिका है।

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति के अंतर्गत हमारे संघ की 14 वर्ष से ऊपर अविवाहित युवतियों के लिए युवती शक्ति नामक मंच स्थापित किया गया है। इस मंच का उद्देश्य है– हमारे संघ की प्रतिभाओं को निखारना, उनकी सोच को उनके विचारों को संघ में लाना, उनमें धार्मिक संस्कारों का सिंचन करना, उनको संघ से जोड़ना, जिससे संघ में एक अद्भुत शक्ति को हम जोड़ सकेंगे।

युवती शक्ति रजिस्ट्रेशन फॉर्म 19–21	
अंचल	रजिस्ट्रेशन
मेवाड	433
बीकानेर–मारवाड़	247
जयपुर–ब्यावर	168
मध्यप्रदेश	403
छत्तीसगढ़–उड़ीसा	475
कर्नाटक–आंध्रप्रदेश	140
तमिलनाडु	75
मुम्बई–गुजरात–यू.ए.ई	231
महाराष्ट्र–विदर्भ–खानदेश	147
बंगाल–बिहार–नेपाल–भूटान	230
पूर्वोत्तर	135
दिल्ली–पंजाब–हरियाणा–उत्तरप्रदेश	61
कुल	2745

Activity 1st- Taglineदिनांक 1 अप्रैल 2020 को अगस्त 2020 को आयोजित हुआ। जिसमें 518 Participants ने भाग लिया।

युवती शक्ति 19–21				
युवती शक्ति	Activity-1			
	participants points	anchal level points	National Level Points	Winner Points
	A	A+B	A+C	A+B
अंचल	10 points	05 points	10 points	15 points
मेवाड	60	5	1	0
बीकानेर–मारवाड़	7	2	0	0
जयपुर–ब्यावर	24	2	0	1
मध्यप्रदेश	114	5	1	0
छत्तीसगढ़–उड़ीसा	106	4	1	0
कर्नाटक–आंध्रप्रदेश	26	2	0	1
तमिलनाडु	9	1	0	0
मुम्बई–गुजरात–यू.ए.ई	19	3	0	0
महाराष्ट्र–विदर्भ–खानदेश	43	3	1	0
बंगाल–बिहार–नेपाल–भूटान	92	5	0	1
पूर्वोत्तर	18	3	0	0
दिल्ली–पंजाब–हरियाणा–उत्तर प्रदेश	0	0	0	0
कुल	518	35	4	3

JAI GURU NANA JAI MAHAVEER JAI GURU RAM

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति

Yuvati Shakti

TAGLINE CONTEST

CONGRATULATIONS

to our Top 3 Winners

PRERNA PALAWAT - JAIPUR-BEAWER

TAGLINE - [विचार अनेक, पहचान एक, मंज़िल नेक]

RASHIKA DAGA - BENGAL, BIHAR, BHUTAN NEPAL

TAGLINE -[Empower Today, Cherish Tommorrow]

AAKRITHI K CHOPDA - ANDHRA-KARNATAKA

TAGLINE - [Yuvatiyon ka Ek samoohan,
Ek awaaz, Ek Laksya]

RESULTS ARE HERE!!!

Yuvati Shakti

74053 18000

Activity 2nd- Speech weavers Competition दिनांक 15 जून 2020 को आयोजित हुआ। जिसमें 327 Participants ने भाग लिया।

युवती शक्ति 19–21					
Speech Weavers Competition	Activity-2				
	participants points	Early Bird Points	Anchal level points	National Level Points	Winner Points
	C	C+D	C+E	C+F	C+G
अंचल	10 points	10 points	05 points	10 points	15 points
मेवाड	25	13	5	1	0
बीकानेर–मारवाड़	16	12	4	1	0
जयपुर–ब्यावर	16	13	5	1	0
मध्यप्रदेश	77	56	7	0	1
छत्तीसगढ़–उड़ीसा	52	24	5	1	0
कर्नाटक–आंध्रप्रदेश	10	4	2	1	0
तमिलनाडु	21	5	6	1	0
मुम्बई–गुजरात–यू.ए.ई	20	15	5	1	0
महाराष्ट्र–विदर्भ–खानदेश	31	23	5	0	1
बंगाल–बिहार–नेपाल–भूटान	40	17	6	0	1
पूर्वोत्तर	13	11	4	1	0
दिल्ली–पंजाब–हरियाणा–उत्तर प्रदेश	6	1	1	1	0
कुल	327	194	55	9	3

मालवा अंचल Webinar –9 अगस्त 2020 मेरी असली पहचान आयोजित हुआ।

Activity 3rd- Poster Making Competition दिनांक 15 जून 2020 को Launch हुआ।

JAI GURU NANA JAI MAHAVEER JAI GURU RAM

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन महिला समिति

Yuvati Shakti

आश्रव द्वार बांधे कर्मो का पिटारा,संवर करो तो हो जाये किनारा,
आपकी प्रतिभा निखारने को
युवती शक्ति
ला रही हैं, सुनहरा अवसर प्यारा
"POSTER COMPETITION".

Theme:

Aashrav Vs Sanwar

1)Submission links in Google form
2)Points will be awarded for participation & points plus prizes for the most creative entries
3)Last date of submission : 20th October 2020
4)For enquires - 7405318000

प्रोफेशनल फोरम

श्रीमती सुमन जी सुराणा (सूरत) – शासननिष्ठ, कर्मठ कार्यकर्त्ता सुश्राविका श्रीमती सुमन जी सुराणा प्रोफेशनल फोरम प्रवृत्ति की संयोजिका है।

प्रोफेशनल फोरम प्रवृत्ति का मूल उद्देश्य है– साधुमार्गी परिवार की महिला प्रोफेशनल्स का एक मंच तैयार करना। साधुमार्गी परिवार की महिलाएँ जो सी.ए., एम.बी.ए., डॉक्टर, इंजिनियर, वकील, आई.ए.एस. आदि है या डिग्री के स्तर पर शिक्षित है, भले वर्तमान में वे इन डिग्री का उपयोग नहीं कर पा रही हों, वे सभी इसी श्रेणी में मान्य होंगे।



प्रोफेशनल फोरम रजिस्ट्रेशन फॉर्म 19–21	
अंचल	रजिस्ट्रेशन
मेवाड	362
बीकानेर–मारवाड़	76
जयपुर–ब्यावर	83
मध्यप्रदेश	261
छत्तीसगढ़–उड़ीसा	136
कर्नाटक–आंध्रप्रदेश	57
तमिलनाडु	15
मुम्बई–गुजरात–यू.ए.ई	173
महाराष्ट्र–विदर्भ–खानदेश	83
बंगाल–बिहार–नेपाल–भूटान	51
पूर्वोत्तर	55
दिल्ली–पंजाब–हरियाणा–उत्तरप्रदेश	50
International	11
कुल	1413

A Search Inside Out/ अंतर की खोज	Activity-1			
	participants points	Anchal level points	National Level Points	Winner Points
	A	A+B	A+C	A+B
अंचल	10 points	05 points	10 points	15 points
मेवाड	90	5	1	0
बीकानेर–मारवाड़	19	5	0	1
जयपुर–ब्यावर	30	5	0	0
मध्यप्रदेश	105	5	1	1
छत्तीसगढ़–उड़ीसा	25	5	1	0
कर्नाटक–आंध्रप्रदेश	18	5	1	0
तमिलनाडु	3	3	0	0
मुम्बई–गुजरात–यू.ए.ई	49	5	1	0
महाराष्ट्र–विदर्भ–खानदेश	22	5	1	0
बंगाल–बिहार–नेपाल–भूटान	23	5	1	0
पूर्वोत्तर	12	5	0	0
दिल्ली–पंजाब–हरियाणा–उत्तरप्रदेश	19	5	0	1
International	2	0	0	0
कुल	417	58	7	3

Activity 1st - अंतर की खोज 7 जून 2020 को Launch हुई।

कर्म की अदालत Webinar Zoom पर 12 अगस्त 2020 को आयोजित किया गया।

कर्म की अदालत Short Movie Youtubeपर 2 अक्टूबर 2020 को आयोजित हुई।

सर्वधर्मी सहयोग योजना

श्रीमती प्रभा जी देशलहरा (दुर्ग):– शासननिष्ठ, कर्मठ कार्यकर्त्ता सुश्राविका प्रभा जी देशलहरा सर्वधर्मी सहयोग प्रवृत्ति की संयोजिका हैं। प्राप्त आवेदन पत्रों में से आपके द्वारा जरूरतमंद साधुमार्गी परिवारों को महिला समिति की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। महिला समिति आपका बहुत–बहुत साधुवाद करती है।

हमारा संघ एक विशाल संयुक्त परिवार के समान है। जिस प्रकार किसी भी परिवार की सार–संभाल महिला करती है, उसी प्रकार हमारे संघ रूपी परिवार के कुछ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता देना, उन्हें सशक्त बनाना हमारा उत्तरदायित्व है। इसी सद्भावना से उत्प्रेरित होकर श्री अ.भा.सा. जैनमहिला समिति द्वारा 296 परिवारों को आर्थिक सहायता प्रति त्रैमासिक पहुंचाई जाती है। लोकडाउन के दौरान सर्वधर्मी परिवार को 1500 और वीर परिवार को 10000 अतिरिक्त सहायता राशि प्रदान की गई।

गृहउद्योग व स्वावलंबन योजना:–आर्थिक आत्मनिर्भरता संसार में सभी सुखों की कुंजी है। महिला समिति द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वावलंबी बनाने के लिए गृहउद्योग योजना चलाई जा रही है। रतलाम (म.प्र.) के श्री जैन महिला गृहउद्योग मंदिर में कम्प्यूटर प्रशिक्षण, मसाला विभाग तथा पापड़ उद्योग द्वारा कई परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। इस गृहउद्योग को संचालित करने हेतु एक संचालन समिति का गठन किया गया। इस गृहउद्योग से अर्जित राशि को सामाजिक प्रवृत्तियों में समायोजित किया जाता है। गृहउद्योग व स्वावलंबन योजना केविस्तार के लिए वहाँ निर्मित पापड़ व मसालों का उपयोग करें।

समता छात्रवृत्ति:–शिक्षा जीवन के लिये वरदान है किन्तु आर्थिक परिस्थिति के कारणवश कई छात्र–छात्राएं इससे वंचित रह जाते है। उन्हें ज्ञान से वंचित न रहना पड़े। इसलिए महिला समिति ने समता छात्रवृत्ति योजना प्रारम्भ की।

श्रीमती नीलम रांका (मुंबई):– सरलमना, शांत स्वभावी श्रीमती नीलम जी रांका समता छात्रवृत्ति प्रवृत्ति की संयोजिका हैं। हमारे समाज में वे अभावग्रस्त छात्र–छात्राएं जो कि धन के अभाव में शिक्षा गृहण नहीं कर पाते हैं उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को संघ की ओर से महिला समिति के तत्वावधान में 30 सितम्बर 2020 तक 37 विद्यार्थियों को 5,03,000 की सहायता राशि से लाभान्वित किया जा चुका हैं जिसमें कक्षा 1 से 4 के 5, 5 से 7 के 8, 8 से 10 तक के 9 और 11 से 12 के 15 विद्यार्थी शामिल हैं।

'पंचसहस्त्री श्रद्धाभिषिक्त परिवारांजलि'–

